● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 56, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 30 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



शशि थरूर ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यको के साथ व्यवहार की आलोचना की 5

केएल राहुल एसआरएच मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल 6

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और आनंद का भाव लाए: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है। वसुदेव कुटुंबकम का भाव सबको साथ लेकर चलने और सब के प्रति सद्भाव रखने का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के सभी त्योहारों को समाज और सरकार मिलकर पूर्ण आनंद और उल्लास के साथ मनाएं इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जन सामान्य के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों के प्रसंग से जीवन प्रबंधन और आत्म गौरव के अनेक सूत्र प्राप्त होते हैं । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं। होली, दीवाली जैसे मंगल कामनाओं और आनंद के साथ मनाए जाने वाले अवसर त्योहार हैं। त्योहारों की बधाई देना उचित है बाकी अवसरों पर मंगल कामनाओं का आदान-प्रदान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार परीक्षा तथा अन्य ऐसे कार्यों के लिए जाने वाले व्यक्ति को शुभकामनाएं देना, उनके प्रति शुभेच्छा प्रकट करना उचित रहता है। भारतीय संस्कृति की समृद्ध शब्द संपदा के परिणाम स्वरुप ही हर अवसर पर भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए पृथक शब्द हैं।

## प्रियंका ने वायनाड भूस्खलन में प्रभावित छात्रों को दिया तोहफा

**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड जिले में भूस्खलन से प्रभावित छात्रों को शिक्षा सुनिश्चित करने का वादा किया। कलपेट्टा में मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्र के बचे हुए छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण के उद्घाटन के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि इस भूस्खलन में बाहर पढ़ने वाले छात्र बच गए, लकिन दुखद ये करहा कि उन्होंने अपने परिवारों को खो दिया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने यह सुनिश्चित करने का फैसला लिया है कि ऐसे छात्र अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

प्रियंका गांधी ने विभिन्न संस्थानों की ओर से की गई मदद की सराहना की। साथ ही बताया कि वायनाड के 121 छात्र वर्तमान में एनआईसीएचई कन्याकुमारी में पढ़ाई कर रहे हैं, जिनको पूर्ण छात्रवृत्ति दी गई है। इसके अलावा, कर्नाटक के येनेपोया विश्वविद्यालय ने वायनाड के चार छात्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

## पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाएं लोग, राष्ट्रपति की अपील



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली को अपनाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा, बल्कि इससे पर्यावरण ज्यादा जीवंत बनाया जा सकता है। शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण 2025 राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ये बातें कही। राष्ट्रपति ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं; संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इस विरासत को ध्यान में रखते हुए हम एक विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहते आए हैं और वे अपने जीवन के हर पहलू में आसपास के पर्यावरण, पौधों और जानवरों का ख्याल रखते आए हैं। उन्होंने कहा, हमें उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या को हल करने की कोशिश कर रहा है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। राष्ट्रपति ने लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली अपनाने को कहा ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि बढ़े और पर्यावरण अधिक जीवंत हो सके। उन्होंने कहा कि भारत और पूरे विश्व को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा तभी मानवता वास्तविक प्रगति कर पाएगी।

सीएम का सख्त फैसला

## धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री प्रतिबंधित, राम नवमी पर विशेष निगरानी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख्त आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं। 2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इनमें पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन विशेष प्रतिबंध लागू होगा, इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। यूपी नगर निगम अधिनियम 1959 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं 2011 के प्रावधानों के तहत, योगी सरकार ने अधिकारियों को उल्लंघन करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीता में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। बता दें कि म्यांमार में भूकंप के कारण अब तक एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## अमित शाह ने राहुल गांधी पर बोला तीखा हमला

कहा- जब लोकसभा में बोलने का समय था तब वो वियतनाम में थे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद के कामकाज को लेकर की गई आलोचना पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में उन्हें बोलने के लिए समय दिया गया था, तब नेता प्रतिपक्ष वियतनाम में थे। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार द्वारा अनुबंधों में मुसलमानों को 4 फीसदी कोटा देने को लॉलीपॉप बताया है। संसद के कामकाज की राहुल गांधी द्वारा की गई आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित शाह ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को शायद यह पता नहीं कि सदन में बोलने के नियम होते हैं और इसे मनमर्जी से नहीं चलाया जा सकता है। बजट पर चर्चा के दौरान उन्हें 42त्न समय दिया गया था। अब यह उन पर निर्भर करता है कि वे किसे बोलने का अवसर दें। अमित शाह ने कहा कि, जब संसद में गंभीर चर्चा चल रही थी, तब वे वियतनाम में थे और जब वे लौटे, तो अपनी मनमर्जी से बोलने की जिद करने लगे। उन्होंने कहा कि संसद नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार चलती है, न कि कांग्रेस पार्टी की तरह, जिसे एक परिवार चलाता है और जहां कोई भी जब चाहे बोल सकता है। मुझे खेद है, लेकिन उन्हें नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। कांग्रेस द्वारा देश में आपातकाल जैसी स्थिति होने के आरोप पर शाह ने कहा कि विपक्षी पार्टी लगातार सरकार की आलोचना करती रहती है।

## लालू प्रसाद के शासन में डूबता बिहार बना: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद के शासन में राज्य डूबता बिहार बन गया और जंगल राज में डूब गया। अब नीतीश कुमार के शासन में राज्य अंधकार से बाहर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार प्रगति का गवाह बना है और शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। जेपी नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार की सराहना की।

## भाई-भतीजावाद और कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाला

राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक निजी बैंक के कुछ कर्मचारियों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने भाजपा पर बंकिंग क्षेत्र को संकट में डालने जैसा गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के भाई-भतीजावाद और नियामक कुप्रबंधन ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है, जिसके चलते जूनियर कर्मचारियों को तनाव और तनावपूर्ण कार्य स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहुल गांधी ने भाजपा पर अपने अरबपति मित्रों के लिए 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक कुप्रबंधन की कीमत हजारों ईमानदार कामकाजी पेशेवरों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें कर्मचारी बता रहे थे कि बैंक में कुप्रबंधन के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा।

## मोठाबाड़ी हिंसा के बाद बंगाल में 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद



हाईकोर्ट ने मांगी कार्यवाही रिपोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मालदा जिले के मोठाबाड़ी क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़पों पर जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य को मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सावधानी से काम करना चाहिए। हिंसा प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, राज्य को अपने नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करने की जरूरत है। उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को 3 अप्रैल तक हिंसा पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

राज्य मंत्री और स्थानीय टीएमसी विधायक सबीना यास्मिन ने बताया, हमने समुदायों के बीच शांति बैठक आयोजित की है। बैठक सकारात्मक रही और हमें उम्मीद है कि हालात जल्द सामान्य होंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी और ईद के चलते धारा 144 लागू नहीं की गई, लेकिन बड़े जमावड़े पर रोक रहेगी। मोठाबाड़ी क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स और राज्य सशस्त्र पुलिस की टुकड़ियां गश्त कर रही हैं। झड़पों के बाद प्रशासन ने 34 लोगों को गिरफ्तार कर लिया और संवेदनशील क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच दिनभर शांति बनी रही। पुलिस अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि कालियाचक ब्लॉक के संवेदनशील इलाकों में तीन कंपनियां तैनात हैं। हमारे जवान बाजारों सहित पूरे इलाके में मोबाइल टीम्स के साथ गश्त कर रहे हैं। मालदा पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उपद्रवियों की तलाशी और गिरफ्तारी के अलावा, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पिकेट लगाए गए हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी, समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं दोनों देश

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत का एक दौर शनिवार को पूरा कर लिया। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बैठक में अमेरिका के अधिकारियों की टीम का नेतृत्व साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए असिस्टेंट अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने किया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत समझदार व्यक्ति और अच्छे मित्र बताया। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच टैरिफ से जुड़ी बातचीत अच्छे परिणाम देगी। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अमेरिकी सामानों पर ऊंचे टैरिफ लगाने का आरोप लगाते रहे हैं। अमेरिका ने कई देशों पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसमें भारत भी शामिल हो सकता है।

अमेरिका ने चीन पर पहले ही अतिरिक्त शुल्क लगा दिए हैं। इसके अलावा 12 मार्च से स्टील और एल्युमिनियम पर 25 फीसदी शुल्क लगाया गया।

## ड्रग्स की चपेट में आ रहा बिहार का युवा: कन्हैया



**मधेपुरा।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने शनिवार को मधेपुरा जिले में पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा की। यात्रा की शुरुआत शहर के गौशाला चौक से हुई। इसके बाद कन्हैया कुमार और उनके साथियों ने भूपेंद्र चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, पूर्णिया गोला चौक, कर्पूरी चौक होते हुए वेद व्यास कॉलेज तक यात्रा की। इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ताओं की भारी संख्या मौजूद रही। मधेपुरा सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कन्हैया कुमार ने कहा ह यात्रा बिहार के नौजवानों और छात्रों की आवाज है, जो राज्य में बदलाव और न्याय की मांग के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार सरकार पर बेरोजगारी, नशाखोरी और शिक्षा व्यवस्था की नाकामी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने मधेपुरा के पहले सांसद किराय मुसहर के परिवार की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समाधि स्थल पर अब तक स्मारक का निर्माण नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार में शराबबंदी की विफलता पर भी सवाल उठाए। कन्हैया ने आरोप लगाया कि शराब अब होम डिलीवरी हो रही है, जबकि सरकार ने शराबबंदी के जरिए समाज को नशे से मुक्त करने का वादा किया था। बिहार के युवा अब ड्रग्स और स्मैक जैसे घातक नशे की चपेट में आ रहे हैं, जिससे समाज और परिवार दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है।

कन्हैया कुमार ने राज्य सरकार की रोजगार नीतियों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही, तो उसे नशे की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर नशाखोरी इसी तरह बढ़ती रही, तो राज्य में हिंसा और अपराध की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। कन्हैया ने बिहार में शिक्षा व्यवस्था की हालत पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि 14 करोड़ की आबादी वाले राज्य में केवल 14 सरकारी बीएड कॉलेज हैं, जबकि निजी बीएड कॉलेजों में फीस इतनी ज्यादा है कि गरीब और वंचित वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं।

# सुकमा में 17 नक्सली ढेर, दो जवान घायल

गृह मंत्री शाह बोले- हथियार बदलाव नहीं ला सकते



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और स्र्क समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 17 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले बदलाव नहीं ला सकते, शांति और विकास ही ला सकते हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिख कहा कि नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को मार गिराया और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा बदलाव नहीं ला सकते, शांति और विकास ही ला सकते हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आईं हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल हैं।

सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी है।

# हमारी सरकार दिव्यागजनों को बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए संकल्पित : विश्वामित्र




**सिंगरौली।** दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं उनके बेहतर जीवन यापन के लिए सभी प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, हमारी सरकार ने दिव्यांगजनों को विशिष्ट जन की संज्ञा दी है उक्त आशय के विचार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विश्वामित्र पाठक ने जनपद पंचायत सिहावल सभागार में आयोजित दिव्यागजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर में व्यक्त किए।

जनपद सभागार सिहावल में आरईसी लिमिटेड के तत्वावधान एव एलिम्को के सहयोग से दिव्यागजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई तत्पश्चात आरईसी के प्रतिनिधि चंदन सिंह ने संस्था की कार्यप्रणाली एवं निगमित सामाजिक दायित्व के तहत प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में आरईसी फाउंडेशन एवं एलिमको द्वारा दिव्यागजनों को बेहतर जीवन यापन दिलाने एवं जनकल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जांच परीक्षण शिविर जब भी लगे उसका व्यापक प्रचार प्रसार हो जिससे कोई भी दिव्यांग कृत्रिम अंग एवं आवश्यक सहायक उपकरण से वंचित ना रहे। क्षेत्रीय विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यागजनों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकारियों कर्मचारियों से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यागजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है हमारी सरकार ने सबको आगे बढ़ने सबको जोड़ने एवं सभी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया है अब दिव्यागजनों को समाज में महत्व देने के साथ ही उन्हें विशिष्ट जन की संज्ञा दी जा रही है।शिविर में 36 हितग्राहियों को मोटराइज ट्राइसिकल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी एवं आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विमलेश रावत, तहसीलदार सिहावल श्रीमती साक्षी गौतम, रविशंकर मिश्रा, सीईओ, दलबहादुर सिंह चंदेल, चंद्र शेखर शुक्ला, राजेश्वर पटेल, पुष्पेन्द्र मिश्रा,श्रीमती मुन्नी वर्मा सरपंच, श्रीमती नीलू तिवारी, संतोष पाठक, नरेन्द्र सिंह चंदेल, फजल मोहम्मद, प्रतीक द्विवेदी, कामता तिवारी बीपीओ, अखिलेश तिवारी, एलिम्को के प्रतिनिधि, दिव्यांग जन, अधिकारी कर्मचारी ,गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विद्या भारती के शिक्षण संस्थान शिक्षा और संस्कार सिखाते है: डीएसपी

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई गृह वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा



**सिंगरौली।** सरस्वती शिशु मंदिर वैढ़न बिलौंजी में परिषद द्वारा नियत तिथि पर 29 मार्च को गृह वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा समारोह पूर्वक हुई। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ सिंगरौली के डीएसपी अरुण कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं सरस्वती बाल कल्याण समिति बैढ़न के व्यवस्थापक कामतानाथ केशरवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत परिचय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी द्वारा कराया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख आदित्य द्विवेदी द्वारा किया गया। कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देते हुए मुँह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि हम भी आप ही लोगों के जैसे 9 साल तक सरस्वती शिशु मंदिर में ही अध्ययन किए हैं। हमें आप लोगों को देखकर अपने बाल्यकाल की याद आई। हम भी इसी प्रकार से बिछी हुई टाटपट्टी पर ही बैठते थे। विद्या भारती के शिक्षण संस्थान शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में सबसे आगे रहते हैं। हमें समाज में क्या भूमिका निभानी है इसकी नींव सरस्वती शिशु मंदिर में सबसे अच्छी रखी जाती है। हमें अपने कर्तव्य मार्ग पर चलते रहना चाहिए एक न एक दिन अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। सभा अध्यक्ष द्वारा भैया बहनों को अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रेरित कर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया गया। परीक्षा परिणाम घोषणा सत्र में ऊर्जांचल विभाग के विभाग समन्वयक बैकुंठ प्रसाद शाह, समिति सदस्य जय कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाण्डेय, परीक्षा प्रभारी ओम प्रकाश पाण्डेय सहित समस्त विद्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनी रही। अंत में कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों,अभिभावकों, भैया बहनों के साथ साथ विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के प्रति आभार ज्ञापन विद्यालय के व्याख्याता रमेश दुबे द्वारा किया गया। जहा भैया बहनों को अच्छे अंक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया।

# खंडहर में तब्दील हुआ घाघी टोला विद्यालय

## विद्यालय मेंटीनेंस की राशि को खा गए जिम्मेदार



**सिंगरौली।** विकासखंड देवसर के अधीन संकुल केंद्र बरका अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घाघी टोला में विद्यालय की सूरत देखते नहीं बन रहा है। घाघी टोला का विद्यालय भवन खंडहर का आकार ले चुका है। प्रभारी द्वारा विद्यालय की मेंटीनेंस में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। देखने से लगता है कि यहां कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं जो पूरी तरह खंडहर का रूप ले चुकी है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा केवल कागजी घोड़ा दौड़ाया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक घाघी टोला विद्यालय की बीते कई वर्षों से पुताई रंगाई नहीं हुई है। जो आज त्यागी भवन की तरह दिखाई दे रहा है। विद्यालय प्रभारी के द्वारा फर्जी बिल बाउचर लगाकर सरकारी राशि का आहरण कर लिया जाता है। साथ ही विद्यालय के खिडकी दरवाजे भी जर्जर हालत में हैं । विद्यालय में किसी प्रकार की कोई साफ-सफाई नहीं है। ऐसी स्थिति में कैसे विद्यालय में पढने वाले बच्चे भविष्य में सभ्य और स्वच्छ विचार के मालिक बनेंगे । वहीं उक्त मामले में जब बरका संकुल प्राचार्य से बात की गई तो उन्होने कहा कि यह बात मेरे जानकारी में नहीं है कि इस विद्यालय की कंटरजंसी या शाला विकास राशि आई है या नहीं। घाघीटोला विद्यालय की रंगाई पुताई हुई है या नहीं, मेरे संज्ञान में नहीं है।

# चैत्र नवरात्रि की शुरूआत आज से, घर-घर में विराजेंगी मॉ शैलपुत्री

**सिंगरौली**



चैत्र वासन्तिक नवरात्रि कल दिन रविवार को घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि शुरू होगी और 6 अप्रैल दिन रविवार को राम नवमी पर माता की विदाई होगी यानी नवरात्रि का समापन होगा। इस बार मॉ दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। माता का हाथी पर सवार होकर आना शुभ माना जाता है। हाथी को शांति और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

ज्योतिषविद् पं डॉ एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर वैढ़न के अनुसार वैसे तो माता रानी सिंह (शेर) की सवारी करती हैं। लेकिन नवरात्र में धरती पर आते समय उनकी सवारी बदल जाती है। मां जगदंबे की सवारी नवरात्र के प्रारंभ होने वाले दिन पर निर्भर करती है। नवरात्रि का प्रारंभ जिस दिन होता है। उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। ठीक इसी प्रकार से वह जिस दिन विदा होती हैं। उस दिन के आधार पर प्रस्थान की सवारी तय होती है। वही शुभ मुहूर्त सुबह 6ः13 से 10ः22 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12ः01 से 12ः50 बजे तक है। नवरात्रि में मां के नव रूपों का पूजन अर्चना किया जावेगा। जिसमें प्रथम दिन कल दिन रविवार 30 मार्च को शैलपुत्री और 1 अप्रैल दिन मंगलवार तृतीय चंद्रघंटा देवी पूजन, 2 अप्रैल दिन बुधवार चतुर्थी तिथि मॉ कूष्मांडा पूजन प्रातः 7ः6 तक, तदुपारि पंचमी तिथि मॉ स्कंदमाता पूजन, 3 अप्रैल दिन गुरुवार षष्ठी मॉ कात्यायनी पूजन, 4 अप्रैल दिन शुक्रवार सप्तमी मॉ कालरात्रि पूजन, 5 अप्रैल दिन शनिवार अष्टमी मॉ महागौरी पूजन, 6 अप्रैल दिन रविवार महानवमी मां सिद्धिदात्री पूजन एवं हवन होगा। उन्होंने आगे बताया की इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती, नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं।

**आठ दिन ही रखे जाएंगे व्रत**

ज्योतिषविद् पं डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर वैढ़न के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को है। इस वजह से नवरात्रि कल दिन रविवार को शुरू होगी। पहले दिन मॉ शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। लेकिन द्वितीया और तृतीया तिथि 31 मार्च को एक ही दिन लग रही है। इसलि तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। इस कारण चैत्र नवरात्रि पर 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा। देखिए किस दिन कौनसा व्रत रखा जाएगा। 30 मार्च रविवार प्रतिपदा मॉ शैलपुत्री पूजन, 31 मार्च सोमवार, द्वितीया तिथि मां ब्रह्मचारिणी पूजन होगा।

# विंध्याचल में चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त,दी गई भावभानी विदाई




**सिंगरौली।** एनटीपीसी. विंध्याचल परियोजना में 29 मार्च को अपनी दीर्घ सेवा देने के चार कर्मचारी बाल मुकुन्द मिश्रा अभियंता,राजेंद्र प्रसाद अभियंता,विनय शंकर शुक्ला अधिकारी, एवं सत्य प्रकाश साहू अभियंता, सेवाविनृत्त हुए। एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर श्री साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल,शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया।

# शिकायत के बाद भी छमरछ राशन दुकान की नहीं हुई जांच

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत छमरछ राशन दूकान का मामला सामने आया है कि कोटेदार द्वारा दो माह खाद्यान्न वितरण नहीं किया है। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत छमरछ में शासकीय उचित मूल्य की दूकान महीने भर में कभी कभार खुलती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विक्रेता जयसवाल द्वारा अंगुठा लगवा लिया जाता है और खाद्यान्न वितरण के लिए दूसरे तीसरे महीने में ले जाने को बोला जाता है। जब जाते हैं तो दूसरे महीने भी नहीं मिल पाता। हलाकि इसकी शिकायत सरपंच प्रतिनिधि शारदा कुशवाहा द्वारा जिला मुख्यालय में खाद्य अधिकारी को लिखित शिकायत एक माह पूर्व दिया गया है लेकिन आज तक कोई जांच जिला प्रशासन के द्वारा नहीं किया गया है।

# विक्रमोत्सव का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आज



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने बताया कि विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ ईसवी कलैण्डर 30 मार्च 2025 को हो रहा है। जिला स्तर पर विक्रमोत्सव समारोह का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रात: 10 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्ह ध्वज का वंदन के साथ किया जायेगा। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा ब्रम्ह ध्वज का वंदन किया जायेगा। एवं विक्रम संवत की भूमिका के बारे मे अवगत कराने के साथ ही कलाकरो के द्वारा नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जायेगा। कलेक्टर श्री शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर सूर्य उपासना आयोजन अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन नाट्य दल निर्देशन सुनील रावत एवं नाट्य दल के सदस्यों के द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा उक्त सम्पूर्ण समारोह हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भाजपा ने रजमिलान तथा रजनिया मंडल की कार्यकारिणी घोषित



**सिंगरौली।** प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, संभागीय संगठन प्रभारी रणबीर सिंह रावत एवं जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी की सहमति एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के अनुमोदन के पश्चात रजमिलान मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पांडेय तथा रजनिया मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ सिंह ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की हैं। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार रजमिलान मंडल में जुग्गी लाल शाह, अमित कुमार कुशवाहा , रामप्यारे विश्वकर्मा, रजनीश कोल, नारायण दास शाह, बृजेन्द्र कुमार शाह को उपाध्यक्ष, मोहित कुमार कुशवाहा, संतराज सिंह गोड़ को महामंत्री, शारदा प्रसाद गुप्ता, नरेन्द्र कुमार शुक्ला, लीलावती जायसवाल, लखपतिया साकेत, उर्मिला तिवारी, सुनील कुमार शाह को मंत्री तथा भगवान दास नापित को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार रजनिया मंडल में राजमनिष्टर यादव, विजय गुप्ता, मेहीलाल सिंह, अवधशरण साहू को उपाध्यक्ष, सुरेश प्रसाद साहू एवं राज बहोर यादव को महामंत्री, संतोष कुमार सिंह, प्रियंका सिंह, पारुल सिंह चौहान, सुमित्रा साकेत, अरुण कुमार कुशवाहा को मंत्री तथा प्रमोद कुमार कुशवाहा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह समेत समस्त वरिष्ठों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं तथा तत्काल प्रभाव से संगठन के कार्यों में संलग्न होने के निर्देश दिए हैं।

# इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने रची थी लीला : सत्यप्रिया



**सिंगरौली।** सरई में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का आज का प्रसंग साध्वी सत्यप्रिया किशोरी जी के मुखार बिंदु से गोवर्धन पूजन के त्योहार का आरंभ द्वापर युग से माना जाता है क्योंकि कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था और सभी ब्रज वासियों की रक्षा की थी, तो चलिए जानते हैं गोवर्धन पूजा की पावन कथा।

साध्वी सत्यप्रिया किशोरी जी ने कहा कि कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजन किया जाता है। विशेषतौर पर मनुष्यों के द्वारा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए गोवर्धन का यह पर्व हर वर्ष मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, गोवर्धन पर्व गिरिराज यानी गोवर्धन व भगवान कृष्ण के पूजन का विधान है। इस दिन को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन अन्नकूट का भोग लगाने की परंपरा है। इस दिन घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत और पशुधन की आकृति बनाई जाती है व विधि-विधान के साथ पूजन किया जाता है। गोवर्धन पूजन की कथा द्वापर युग से जुड़ी हुई है। जब भगवान कृष्ण ने देवराज इंद्र का अंहकार दूर करने के लिए लीला रची थी। तभी से गोवर्धन पूजन की परंपरा आरंभ हुई। तो चलिए जानते हैं गोवर्धन पूजन करने के पीछे की कथा।तब श्री कृष्ण ने कहा कि वर्षा करना तो इंद्रदेव का कर्तव्य है। यदि पूजा करनी है तो हमें गोवर्धन पर्वत की करनी चाहिए, क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं और हमें फल-फूल,सब्जियां आदि भी गोवर्धन पर्वत से प्राप्त होती हैं। इसके बाद सभी ब्रजवासी इंद्रदेव की बजाए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। इस बात को देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और क्रोध में आकर प्रलयदायक मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे हर ओर त्राहि-त्राहि होने लगी। सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि यह सब कृष्णा की बात मानने का कारण हुआ है, अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। कथा में उपस्थित वंशमणी प्रसाद वर्मा,डाक्टर भाई लाल शर्मा,मुन्नालाल गुप्ता,डॉ रामयण शुक्ला,चतुर्धार तिवारी, डॉक्टर गंगा जायसवाल,कृष्णा जायसवाल एंव कथा के मूख्य श्रोता रामबालक द्विवेदी पूर्व सरपंच आदि लोग उपस्थित रहे है।

# एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ग्राम एंगुरा में लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर




**सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम एंगुरा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा, ब्लॉक-बी परियोजना तथा डॉ. राजर्षी सरकार, केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी) केडी जैन एवं नोडल अधिकारी (सीएसआर) तथा परियोजना से अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इस से पूर्व एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा सीएसआर के तहत ग्राम महदेइया, ग्राम पडरी एवं ग्राम नौढिया में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में स्थापित होगा नया रेल नीर संयंत्र, आईआरसीटीसी को 2.5 एकड़ भूमि आवंटित

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज के सरस्वती हाई-टेक सिटी में 'भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन' (आईआरसीटीसी) द्वारा रेल नीर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने इस परियोजना के लिए 2.5 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस संयंत्र में 25 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और इसकी उत्पादन क्षमता एक लाख लीटर प्रति दिन होगी। एक बयान के मुताबिक रेल नीर संयंत्र के संचालन से रेलवे यात्रियों को स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला पैकेज्ड पेयजल सुलभ होगा, जिससे जल जनित बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा, यह परियोजना औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ रेलवे यात्रियों के लिए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

### सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 551 सौगात ए मोदी किट बांटी गई

**सांगानेर, एजेंसी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से शुक्रवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की जेडीए कॉलोनी गोविंदपुरा में ''सौगात-ए-मोदी'' किट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें 551 किट बांटी गई। एक बयान के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजीत मांडन और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने 551 जरूरतमंद लोगों को ''सौगात-ए-मोदी'' किट बांटी। मेवाती ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ''सौगात-ए-मोदी'' अभियान के जरिए ईद पर 1 लाख 786 जरूरतमंदों तक पहुंचने की योजना बनाई है। मेवाती ने बताया कि किट में खाद्य सामग्री के अलावा कपड़े, सेवई, खजूर, मेवे और चीनी शामिल होंगे एवं महिलाओं के लिए किट में सलवार-सूट का कपड़ा होगा। इस अभियान को गरीब और जरूरतमंद अल्पसंख्यक परिजनों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बढ़ाने का भी एक प्रयास माना जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी 3-4 अप्रैल को थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए थाईलैंड की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान क्षेत्रीय समूह बिम्सेटक बैंकॉक विजन 2030 को अपनाएगा और समुद्री सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। हालांकि थाईलैंड शुक्रवार दोपहर म्यांमा में आए भीषण भूकंप से बैंकॉक समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हुए नुकसान से जूझ रहा है, लेकिन दो से चार अप्रैल तक होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन पर इसके प्रभाव के बारे में तत्काल कोई संकेत नहीं मिला है। मोदी 3-4 अप्रैल को बैंकॉक में होंगे। भारत और थाईलैंड के अलावा, 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फोर मल्टी-सेक्टोरल टैक्निकल एंड इकॉनोमिक को-ऑपरेशन' (बिम्सटेक) में श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमा, नेपाल और भूटान शामिल हैं। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने शिखर सम्मेलन पर भूकंप के प्रभाव के बारे में संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, हम इस संबंध में अधिकारियों के संपर्क में हैं। फिलहाल ऐसा कुछ भी संकेत नहीं है जिससे पता चले कि इसका शिखर सम्मेलन पर कोई प्रभाव पड़ने वाला है या नहीं।

### गुजरात हाईकोर्ट से आसाराम बापू को मिली 3 महीने की अंतरिम जमानत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सूरत रेप मामले में शुक्रवार को गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम बापू पर अहम फैसला सुनाया. हाईकोर्ट ने आसाराम को मेडिकल आधार पर तीन महीने यानी 30 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी. इससे आसाराम को बड़ी राहत मिली है. हालांकि आसाराम ने छह महीने की स्थाई जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। बता दें कि अंतरिम जमानत की अवधि 31 मार्च को खत्म हो रही थी. इससे पहले आसाराम ने मेडिकल आधार पर छह महीने की जमानत दिए जाने की मांग की थी. इस मामले पर गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट के आदेश के बाद अब आसाराम जून महीने तक जेल से बाहर रहेंगे. इस मामले की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट में दो जजों की बेंच बनाई गई थी, जिसमें दोनों जजों की अलग-अलग राय थी. सुनवाई के दौरान जज इलेश वोरा तीन महीने के लिए जमानत देने के पक्ष में थे, जबकि जज संदीप भट्ट इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि आसाराम अपने ही गुरुकुल की छात्रा से रेप के मामले में आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा काट रहे हैं. उन्हें सिर्फ मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी गई है. सूरत की एक महिला ने आसाराम पर रेप की शिकायत दर्ज कराई थी. इसमें पीड़िता ने कहा था कि 1997 से 2006 तक आसाराम ने उनका शोषण किया. आसाराम के खिलाफ 2013 में शिकायत दर्ज की गई थी. शिकायत गांधीनगर स्थानांतरित होने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. वहीं इस मामले में आसाराम को 2020 में दोषी ठहराया गया था।

# शशि थरूर ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार की आलोचना की, कहा चिंताजनक स्थिति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर की पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर टिप्पणी के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है और इस बात पर जोर दिया है कि वहां की स्थिति बेहद परेशान करने वाली है।

एएनआई से बात करते हुए थरूर ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई के बारे में चिंतित हैं. दूसरी मुश्किल यह है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं चल रही है. अन्यथा, हम अपनी चिंताओं को सीधे बता सकते थे और निवारण की मांग कर सकते थे। मंत्री का बयान पूरी तरह तथ्यात्मक है और हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमारे पड़ोसी देश में अत्यंत चिंताजनक स्थिति है. शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखता है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उठाता है।

लोकसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध और अत्याचार पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा कि फरवरी में पाकिस्तान में अत्याचार के 10 मामले सामने आए. इनमें से सात अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन से संबंधित थे. इनमें से दो अपहरण से संबंधित थे और एक होली मना रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई से संबंधित था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख समुदाय से जुड़ी तीन घटनाएं और अहमदिया समुदाय से जुड़ी दो घटनाएं हुई. उन्होंने कहा कि एक ईसाई व्यक्ति, जो कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्थिर था उस पर पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुई. इन मामलों में सिख परिवार हमला किया, पुराने गुरुद्वारे खोलने पर एक सिख परिवार को धमकी का सामना करना और एक अन्य मामले में लड़की के अपहरण और धर्मांतरण का भी मामला था. अहमदिया समुदाय से जुड़े भी दो मामले थे। जयशंकर ने कहा, एक मामले में एक मस्जिद को सील कर दिया गया और दूसरे मामले में 40 कब्रों को नष्ट कर दिया गया. ईसाई समुदाय से संबंधित एक मामला था. इस मामले में ईसाई व्यक्ति पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया. वह कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्थिर था। उन्होंने कहा कि भारत इन मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाता है और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत के प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के राजदूत की टिप्पणियों का हवाला दिया। जयशंक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में फरवरी माह में हमारे प्रतिनिधि ने दो हालिया उदाहरण देते हुए बताया कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जहां मानवाधिकार, दुर्व्यवहार, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित क्षरण राज्य की नीतियां हैं. ये संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकृत आतंकवादियों को खुलेआम शरण देती हैं। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में हमारे राजदूत ने भी दो सप्ताह पहले ही पाकिस्तान की कट्टर मानसिकता को रेखांकित किया था. इसके बारे में उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी तरह से जाना जाता है और कट्टरता का उसका रिकॉर्ड है। इसलिए, हम इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठा रहे हैं. 26 मार्च को ह्यूमन राइट्स फोकस पाकिस्तान ने 2025 की पहली तिमाही पर एक रिपोर्ट जारी की. इसमें पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की दरों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों में तेज वृद्धि पर प्रकाश डाला गया। संगठन ने बढ़ते दुर्व्यवहारों की निंदा की तथा कहा कि संसाधनों की कमी तथा अपराधियों की दुस्साहसिक मानसिकता के कारण राहत और न्याय अब भी प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिन्हें अक्सर प्रभावशाली धार्मिक और राजनीतिक हस्तियों का समर्थन प्राप्त होता है।एचआरएफपी के अध्यक्ष नवीद वाल्टर ने निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए कहा, पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यक हमलों, हत्याओं, ईशनिंदा के आरोपों, अपहरण, जबरन धर्मांतरण और जबरन विवाह के लिए आसान लक्ष्य हैं. उनकी पीड़ा और उपेक्षा पर ध्यान न दिया जाना और भी अधिक दुखद है।

उन्होंने जनवरी 2025 से घटनाओं में वृद्धि की ओर इशारा किया तथा फैसलाबाद के चक झुमरा के एक ईसाई युवक वसीफ मसीह जैसे मामलों का हवाला दिया, जिस पर चोरी का झूठा आरोप लगाया गया, उसके साथ मारपीट की गई तथा उसके चेहरे पर कालिख पोतकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया।

## 500 एकड़ भूखंड और नाम पर खींचतान; नासिक कुंभ से पहले अखाड़ों में छिड़ा संग्राम

**नासिक, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 23 मार्च को हुए दौरे के बाद महाराष्ट्र के नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों में तेजी आ गई है, लेकिन इस विशाल मेले के नाम को लेकर मतभेद पैदा हो गए हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान त्र्यंबकेश्वर अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने मांग की थी कि इस उत्सव को त्र्यंबकेश्वर-नासिक सिंहस्थ कुंभ मेला कहा जाए। हालांकि नासिक नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान नासिक अखाड़ों के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नाम नासिक कुंभ मेला ही रखा जाना चाहिए। नासिक अखाड़ों के साधुओं और महंतों ने यह भी मांग की कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण में शामिल किया जाए तथा कुंभ के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि स्थायी रूप से आरक्षित की जाए। नाम से संबंधित मांगों के बारे में पूछे जाने पर नासिक के जिलाधिकारी जलज शर्मा ने कहा, इस मुद्दे से संबंधित जानकारी (रिकॉर्ड की जांच के बाद) सरकार को सौंपी जाएगी और उनके निर्देशानुसार निर्णय लिया जाएगा। नासिक कुंभ मेला कब से कब तक नासिक जिले में कुंभ मेला 14 जुलाई से 25 सितंबर 2027 के बीच गोदावरी नदी के तट पर आयोजित होने की उम्मीद है। यह 12 साल बाद आयोजित किया जाएगा। इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के जल संसाधन और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने कुंभ की तैयारियों की समीक्षा के लिए त्र्यंबकेश्वर का दौरा किया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार साधु-महंतों की विभिन्न मांगों को लेकर सकारात्मक है। महाजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में भाग लेने वालों में संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम, जिला कलेक्टर जलज शर्मा, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी महाराज, जूना अखाड़ा के महंत हरिगिरिजी महाराज, बड़ा उदासीन अखाड़ा के इंद्रमुनिजी महाराज, नव उदासीन अखाड़ा के गोपालदास महाराज, महानिर्वाणी अखाड़ा के अजयपुरी महाराज, आनंद अखाड़ा के गणेशानंद सरस्वती और शंकरानंद सरस्वती सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## हरियाणा सरकार का आरोप, यमुना का जहरीला पानी कर रहा गुरुग्राम नहर को प्रदूषित, वनस्पति पर हुआ प्रभाव

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस के नूह क्षेत्र के विधायक आफताब अहमद द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राज्य सरकार ने कहा कि प्रदूषित अपशिष्ट नहर के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है और बदले में वनस्पतियों और जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कांग्रेस विधायक ने पूछा था कि क्या यह सच है कि प्रदूषित नहर का पानी गुरुग्राम नहर में छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से प्रदूषित पानी यमुना नदी में बहता है। ये प्रदूषित पानी गुरुग्राम नहर यानी (दिल्ली के ओखला बैराज के नीचे) में जाता है। ये जानकारी हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में दी है। कांग्रेस के नूह क्षेत्र के विधायक आफताब अहमद द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राज्य सरकार ने कहा कि प्रदूषित अपशिष्ट नहर के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है और बदले में वनस्पतियों और जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कांग्रेस विधायक ने पूछा था कि क्या यह सच है कि प्रदूषित नहर का पानी गुरुग्राम नहर में छोड़ा जा रहा है। अहमद ने यह भी जानना चाहा कि इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने बताया कि यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र के सभी कस्बों और शहरों में सीवेज लाइनें बिछा दी गई हैं और इस संबंध में यमुना कार्य योजना लागू की जा रही है।

# भाजपा ने बनाई रणनीति, बिहार चुनाव में दिखेगा एनडीए का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी वैसे तो बिहार को लेकर चुनाव अभियान शुरू कर चुकी है लेकिन पार्टी सबसे महत्वपूर्ण ढंग से एनडीए गठबंधन की एकता को लेकर ज्यादा महत्व दे रही है.सूत्रों की माने तो पार्टी के आलाकमान ने अपने नेताओं के साथ साथ गठबंधन के नेताओं को भी ये संदेश दिया है कि ,गठबंधन को चुनावी मैदान में साथ नजर आना है।

पार्टी का कहना है कि, जिस तरह से महागठबंधन का प्लेटफॉर्म नजर आ रहा है, यहां सभी पार्टियां बिखरी हुई नजर आ रही है, ऐसा एनडीए गठबंधन में नजर नहीं आना चाहिए. वैसे तो भाजपा बिहार को लेकर एनडीए के सभी घटक दलों के साथ लगातार बैठक कर रही है. हाल ही में डिनर पर भी बैठक बुलाई गई और भाजपा की अगली रणनीति को लॉक किया गया। मगर साथ ही पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा आलाकमान ने पार्टी के नेताओं और घटक दलों को ये संदेश दिया है कि, सीटों को लेकर तालमेल बंद कमरे में बिठाई जाएगी मगर उससे पहले अलग अलग बयानबाजी ना करें ताकि एनडीए घटक में महगठबंधन की तरह बिखराव नजर आए। पार्टी सूत्रों की माने तो हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी की तरफ से उठाई गई सीटों की बात और एलजेपी चिराग पासवान के कुछ नेताओं के बयान को लेकर भी फिलहाल भाजपा सक्रिय नजर आ रही है. पार्टी चाहती है कि, किसी भी तरह गठबंधन में बिखराव नजर न आए. साथ ही सूत्रों की माने तो पार्टी बिहार में महागठबंधन के बिखराव को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने जा रही है। शायद यही वजह है कि भाजपा एनडीए की एकता को इंटेक्ट या



जोड़े रखना चाहती है. इस मुद्दे के अलावा पार्टी हिंदुत्व के एजेंडे को भी महत्वपूर्ण एजेंडा बनाएगी,जिसे लेकर पार्टी के पोस्टर बैनर और स्लोगन भी राष्ट्रीय कार्यालय में तैयार किए जा रहे हैं।

इस संबंध में पार्टी के सांसद नरेश बंसल ने कहा कि, भाजपा पार्टी चुनाव के लिए सिर्फ कोई रणनीति नहीं बनाती या चुनाव की तैयारी के लिए ही सिर्फ कोई खास संदेश नहीं दिया जाता बल्कि पार्टी हमेशा से अपने नेताओं और गठबंधन को साथ लेकर चलती है. उन्होंने कहा कि, सहयोगियों के साथ या पार्टी के नेताओं के साथ अनुशासन में हमेशा से रहने वाली पार्टी जनता के हित को ध्यान में रखते हुए सभी कल्याणकारी योजना बनाती है. और जहां तक बिहार का सवाल है, राज्य में फिर से एनडीए की सरकार आने वाली है. वह इसलिए क्योंकि जिस तरह से राजद और कांग्रेस में बिखराव है वह जनता को दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि, जहां भी भाजपा की सरकार है वहां जनता को कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है, जिसे जनता भली भांति जानती है. उन्होंने कहा कि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को विदेश में बंगाल के लोगों ने सवाल पूछे और उसका वो जवाब तक नहीं दे पाई, मगर जहां भी एनडीए की सरकार है वहां जनता संतुष्ट है।

# महाराष्ट्र सरकार का भ्रामक खबरों पर लगाम लगाने का प्रयास, दिशा-निर्देश जारी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में गलत या भ्रामक खबरों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं. यह कदम राज्य प्रशासन और जनता के बीच सूचना के प्रवाह को बेहतर बनाने और गलत सूचना के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। शुक्रवार को जारी एक सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय (डीजीआईपीआर) मीडिया के विभिन्न रूपों, जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित होने वाली खबरों का विश्लेषण करेगा. यदि कोई खबर तथ्यात्मक रूप से गलत या भ्रामक पाई जाती है, तो डीजीआईपीआर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करेगा। संबंधित सरकारी विभाग को आवश्यक जानकारी एकत्र करके 12 घंटे के भीतर डीजीआईपीआर को उपलब्ध करानी होगी। संबंधित मंत्री या अधिकारी की प्रतिक्रिया या साउंड बाइट 2 घंटे के भीतर डीजीआईपीआर को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्रत्येक



विभाग को एक संयुक्त सचिव या उप सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करना होगा जो जानकारी संकलित करने और उसे जल्द से जल्द डीजीआईपीआर को भेजने के लिए जिम्मेदार होगा। जानकारी का प्रसार और अनुवर्ती कार्रवाई डीजीआईपीआर उसी दिन अपने ब्लॉग और वेबसाइट पर फीडबैक/सूचना प्रकाशित करेगा और स्पष्टीकरण के लिए संबंधित समाचार पत्र, समाचार चैनल या डिजिटल मीडिया को अग्रेषित करेगा. राज्य से संबंधित जानकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो को भी भेजा जाएगा. मीडिया हाउस को फीडबैक या तथ्यात्मक जानकारी भेजने के बाद, डीजीआईपीआर को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करनी होगी कि इसे प्रकाशित किया जाए।

सरकार का उद्देश्य सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशक बृजेश सिंह के अनुसार, इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य शासन से संबंधित महत्वपूर्ण समाचारों का तत्काल संज्ञान लेकर और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करके सरकार की परिचालन दक्षता को बढ़ाना है. यह पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मीडिया निगरानी केंद्र इस महीने की शुरुआत में, महाराष्ट्र सरकार ने समाचार सामग्री का विश्लेषण करने और फीडबैक प्रदान करने के लिए एक मीडिया-निगरानी केंद्र स्थापित करने की घोषणा की थी और इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था।

## अभी हों चुनाव तो कौन बनेगा तमिलनाडु सीएम, त्रिभाषा और परिसीमन विवाद के बीच सी वोटर का सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ हफ्तों से दक्षिणी राज्य तमिलनाडु लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। वहां के मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ एमके स्टालिन परिसीमन और त्रिभाषा फॉर्मूले और हिन्दी विरोध के मुद्दे पर केंद्र सरकार से लगातार लोहा ले रहे हैं। दूसरी तरफ डीएमके सरकार के मंत्री कथित शराब घोटाले में ईडी के निशाने पर रहे हैं। इस बीच सी-वोटर ने एक सर्वेक्षण करवाया है कि अगर आज की तारीख में चुनाव हो तो कौन तम्लनाडु का मुख्यमंत्री बन सकता है। इस सर्वे के नतीजे में कहा गया है कि मौजूदा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 27 फीसदी उत्तरदाताओं की पहली पसंद बनकर उभरे हैं, जबकि तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख के अन्नामलाई चौथे नंबर पर रहे हैं। सर्वे में कहा गया है कि तमिल फिल्मों के सुपरस्टर हीरो और तमिलगा वेत्री कझगम पार्टी के प्रमुख विजय 18 फीसदी लोगों की पसंद के साथ दूसरे नंबर पर रहे हैं , जबकि विपक्ष के नेता और एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी 10 फीसदी लोगों की पसंद के साथ तीसरे और 9 फीसदी पसंद के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई चौथे नंबर पर रहे हैं। स्टालिन क्यों शीर्ष पर ताजा सर्वे के नतीजे मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व और उनके शासन के नतीजों का परिणाम माना जा रहा है। उन्होंने लगातार तमिल अस्मिता को मुद्दा बनाए



रखा है और केंद्र सरकार के सामने घुटने नहीं टेके हैं। यह उनकी रेटिंग बढ़ाने में मददगार रही है। जबकि दूसरे स्थान पर विजय का उभरना अभिनेता की बढ़ती राजनीतिक अपील को स्थापित करती है। बता दें कि उनकी पार्टी ने अभी तक औपचारिक चुनावी शुरुआत नहीं की है। बावजूद इसके वह लोगों के दूसरी पसंद बनकर उभरे हैं। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। स्टालिन ते कामकाज से कितने फीसदी लोग खुश इस सर्वे में तमिलनाडु सरकार के कामकाज का भी आंकलन किया गया है और लोगों से संतुष्टि का आकलन किया गया। उसके निष्कर्षों के मुताबिक, 15 प्रतिशत लोग सरकार के कामकाज और प्रदर्शन से बहुत संतुष्ट हैं, जबकि 36 प्रतिशत कुछ हद तक संतुष्ट हैं।

# न बीजेपी, न कांग्रेस, न ही एआईएडीएमके, अब सिर्फ डीएमके से सीधी टक्कर- थलपति विजय

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार से नेता बने थलपति विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा विजयी कड़गम (टीवीके) की पहली जनरल काउंसिल बैठक में बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि 2026 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव सिर्फ दो पार्टियों टीवीके और डीएमके के बीच होगी। विजय ने बीजेपी, और एआईएडीएमके को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया और कहा कि राज्य की जनता इस बार एक बिल्कुल अलग चुनाव देखने जा रही है। 2026 के विधानसभा चुनाव में एक्टर विजय की पार्टी पहली बार चुनाव लड़ने जा रही है। गौरतलब है कि एआईएडीएमके के मौजूदा वक्त में 66 एमएलए हैं, जबकि कांग्रेस के 21 और बीजेपी के 4 एमएलए तमिलनाडु विधानसभा में हैं।

**स्टालिन पर तीखा हमला :** बैठक में विजय ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर सीधा हमला बोला और महिला सुरक्षा व कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, सिर्फ आपके शासन की चर्चा से ही आप गुस्से में क्यों आ जाते हैं? अगर सही से शासन किया होता, तो



महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की यह हालत नहीं होती। मैं उन अत्याचारों को बयान नहीं कर सकता, जो महिलाओं के खिलाफ हो रहे हैं।

**परिसीमन पर केंद्र सरकार को ललकारा :** विजय ने केंद्र सरकार के निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के प्रस्ताव का विरोध किया और कहा कि इसके जरिए तमिलनाडु की संसदीय सीटें कम करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा, तमिलनाडु की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन हम इसे होने नहीं देंगे।

**वन नेशन, वन इलेक्शन पर पीएम मोदी को चेतावनी :** विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए और इशारों में उन्हें चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा, पीएम साहब, जब आपने एक देश, एक चुनाव की बात की तो हमें आपकी मंशा समझ में आ गई। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जो कई बार अपनी ताकत दिखा चुका है। मैं कहूंगा कि संभलकर रहिए सर।

**टीवीके के 17 अहम प्रस्ताव :** बैठक में टीवीके ने कुल 17 प्रस्ताव पास किए, जिसमें परिसीमन, तीन-भाषा नीति और वक्फ बिल के खिलाफ कड़े निर्णय लिए गए। पार्टी ने साफ किया कि वह तमिलनाडु में सिर्फ दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) को ही मान्यता देगी और नई शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा थोपने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगी। इसके अलावा, टीवीके ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को भी खारिज कर दिया और केंद्र से मांग की कि इसे तुरंत वापस लिया जाए।

### 29 साल बाद किया इस बड़े खिताब पर कब्जा

# फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने गिराए 11 विकेट, टीम ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शेफील्ड शील्ड का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. उसने इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वींसलैंड को हराकर 29 साल बाद खिताब पर कब्जा किया. टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है. 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और साउथ ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी हैं.

**डॉगेट ने लिए 6 विकेट, पहली पारी में क्वींसलैंड- 95 रन**

मुकाबले में क्वींसलैंड ने पहले बल्लेबाजी की. लेकिन, साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट के टूटे कहर के आगे उसकी पहली पारी सिर्फ 95 रन पर सिमट गई. ब्रेंडन डॉगेट ने पहली पारी में 6 विकेट चटकाए. उन्होंने ये विकेट 11.2 ओवर में 31 रन देते हुए लिए. क्वींसलैंड को 95 रन पर समेटने के बाद साउथ ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 271 रन बनाए, जिसमें जेक लेहमन के शतक का बड़ा योगदान रहा. लेहमन ने मिडिल ऑर्डर में 152 गेंदों का सामना करते हुए 102 रन बनाए. साउथ ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 176 रन की बढ़त मिली.

**क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 445 रन**

क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में हालांकि पहली इनिंग की तरह गलती नहीं की. इस बार उसने बड़ा स्कोर बनाया.


जैक ग्लेटॉन और जैक विल्डरमुथ की शतक की बदौलत क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाए. जैक ग्लेटॉन ने 249 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन बनाए. वहीं विल्डरमुथ ने 140 गेंदों में 111 रन की पारी खेली.

**ब्रेंडन डॉगेट ने फाइनल मैच में लिए 11 विकेट**

क्वींसलैंड की दूसरी पारी के दौरान भी साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट अपना असर छोड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने इस बार भी 5 विकेट लिए. इस तरह फाइनल मैच की दोनों पारियों को मिलाकर ब्रेंडन डॉगेट ने कुल 11 विकेट अपने नाम किए.

**29 साल बाद जीता शेफील्ड शील्ड**

अब साउथ ऑस्ट्रेलिया को 176 रन की बढ़त तो पहली पारी में हासिल ही थी. ऐसे में उसके सामने 270 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. और 4 विकेट की जीत के साथ 29 साल बाद अपने पहले शेफील्ड शील्ड खिताब पर कब्जा किया. साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में जेसन सांघा ने 126 रन जबकि एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली.



## मनीषा ने एशियन चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने एशियन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 2021 के बाद पहला गोल्ड मेडल दिलाया। शुक्रवार को 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उन्होंने कड़े मुकाबले में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसान जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने कोरिया की हनबिट ली को चित कर दमदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां भी उन्होंने अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**अंतिम पंघाल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल**

गौरतलब है कि भारत ने पिछली बार 2021 में अलमाटी में विनेश फोगाट और सरिता मोर के जरिए गोल्ड मेडल जीता था। इस बार 20 साल के अंतिम पंघाल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जो अपने करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थीं। 53 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को हराकर उम्मीदें बढ़ा दीं, लेकिन सेमीफाइनल में जापान की मो कियूका के सामने टिक नहीं सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए ताइपे की मेंग एच सियेह को हराकर मेडल अपने नाम किया।

**भारत के खाते में 6 मेडल**

इस प्रतियोगिता में अन्य भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) मेडल राउंड तक नहीं पहुंच सकीं। अब तक भारत ने इस टूर्नामेंट में ग्रीको-रोमन वर्ग में दो मेडल सहित कुल एक गोल्ड, एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

### चापमैन ने शतक लगाया

## न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 73 रन से जीता, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 3 मैचों वाली वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के नापियर में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी। कीवी टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए। 345 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई।

मार्क चापमैन ने खेली शतकीय पारी मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 132 रन बनाएं। इसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल है। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के इरफान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके।

मार्क चापमैन ने अपने करियर का तीसरा वनडे शतक लगाया।

हं के अब्बास ने लगाया सबसे तेज डेब्यू अर्धशतक पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंदों पर वनडे इतिहास में डेब्यू करते हुए सबसे तेज 50 रन बनाए। उन्होंने 52 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाएं। अब्बास से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ईशान किशन के नाम पर था।

उन्होंने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन बनाए थे। पाकिस्तान से बाबर-सलमान की फिफ्टी टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान के बाबर आजम ने 93.97 के स्ट्राइक रेट से 83 गेंदों पर 78 रन बनाएं। वहीं सलमान आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाएं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मित ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच अभी तक 120 वनडे खेले गए है। सीरीज का दूसरा मैच 2 अप्रैल को होगा सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 अप्रैल को न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय अनुसार सुबह 3:30 से शुरू होगा।



## टीम इंडिया के फ्यूचर को लेकर टली BCCI की बैठक, रोहित शर्मा बोले- सम्मान के हकदार हैं ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि भारतीय टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ाव को झेला है, लेकिन इसने सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया। मुंबई इंडियंस की ओर से एक्स पर पोस्ट वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम का हर सदस्य सम्मान का हकदार है।

समाचार एजेंसी के अनुसार रोहित शर्मा का यह वीडियो ऐसे दिन आया जब बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों को टीम के भविष्य का रोडमैप तय करने के लिए बैठक करनी थी। किसी कारणवश यह बैठक स्थगित कर दी गई। भारत ने पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में 24 मैचों में से केवल एक में हार का सामना किया है। वह अहमदाबाद में 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हारा था। भारतीय टीम ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप और फरवरी मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीता। इस दौरान भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी।

## केएल राहुल एसआरएच मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर।

एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों में नाबाद 66 रनों की पारी खेली और पांच छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से लखनऊ से जीत छीन ली। मैच के बाद दिल्ली के खिलाड़ियों ने मदर्स लैप बेबी स्विंग एक्शन करके राहुल को नए पिता बनने पर बधाई दी।

दिल्ली में अपने कदम के बारे में राहुल ने कहा कि पिछले साल की नीलामी के बाद यह उनके लिए रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों था।

राहुल ने कहा, मेरे लिए यह एक नया अनुभव है - अपनी चौथी या पांचवीं आईपीएल फ्रेंचाइज से जुड़ना। यह रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों है। हर नई टीम अनिश्चितता लेकर आती है - खिलाड़ी कैसे तालमेल बिठाएंगे, प्रबंधन कैसे काम करेगा और प्रशंसक कैसे प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन हमारी टीम और प्रबंधन ने जिस तरह से इस टीम को बनाया है, उसे देखते हुए लगता है कि हमने सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। उन्होंने कहा, इसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। मैं कुछ अविश्वसनीय रूप से कुशल युवाओं के साथ खेलने और उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं। मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों के साथ - जिनमें से कई के साथ मैं पहले भी खेल चुका हूं - हमारी टीम एक मजबूत टीम है। मैं आईपीएल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता।

132 आईपीएल मैचों में राहुल ने 45.47 की औसत से 4,683 रन बनाए हैं। उन्होंने 2013 में पदार्पण करने के बाद से अब तक टूर्नामेंट में चार शतक और 37 अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

## ब्राजील फुटबॉल टीम को विश्व कप क्वालिफायर में मिली शर्मनाक हार, मुख्य कोच पर गिरी गाज, पद से हटाए गए

**साओ पोलो, एजेंसी।** शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया है। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया।



उन्होंने मीडिया से कहा, परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं। ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। टीम का फॉर्म पिछले कुछ समय से कुछ खास नहीं रहा है। 2022 विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। तब ब्राजील को क्रोएशिया ने अंतिम-8 के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उससे पहले 2021 कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील की टीम अर्जेंटीना के हाथों 1-0 से हार गई थी। ब्राजील ने पिछली बार कोई मेजर खिताब 2019 में जीता था, जब उसने कोपा अमेरिका अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में पेरू को 3-1 से शिकस्त दी थी। वहीं, 2018 फीफा विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। अंतिम आठ के मुकाबले में बेल्जियम ने ब्राजील को 2-1 से हराया था। 2014 में ब्राजील में ही फीफा विश्व कप खेला गया था। तब टूर्नामेंट में ब्राजील की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि, अंतिम चार के मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से करारी शिकस्त दी थी। ब्राजील ने 2002 के बाद से कभी फीफा विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

## आरसीबी से हारने के बाद CSK के कोच फ्लेमिंग की सफाई



**चेन्नई , एजेंसी।** फ्लेमिंग ने कहा, वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए , न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है। फ्लेमिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां की। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिये शानदार गेंदबाजी की। महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिये सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

### सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने महेंद्र सिंह धोनी

**चेन्नई, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी वीरवार को आईपीएल इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह सुरेश रैना को पछाड़कर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अब धोनी के नाम आईपीएल में 4,699 रन हो गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना (4,687 रन) को पीछे छोड़ा है।

आईपीएल में सीएसके के लिए सर्वाधिक रन

4699 - महेंद्र सिंह धोनी
4687 - सुरेश रैना
2721 - फाफ डुप्लेसिस
2433 - ऋतुराज गायकवाड
1939 - रवीन्द्र जड़ेजा
1932 - अंबाती रायडू

रैना जोकि धोनी को ही अपना गुरु मानते हैं, चेन्नई के लिए कई साल तक इस लिस्ट में नंबर एक पर रहे।

# बुमराह की वापसी न होने से कोच जयवर्धने का टूटा सब्र





### आईपीएल 2025:

**अहमदाबाद (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) के मुकाबले से पहले एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बात करते हुए कहा कि टीम अभी भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से उनके मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही है, जिसने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी है।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली जीटी और हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली एमआई शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक उच्च-ऑक्टेन क्लैश में अपने अभियान के शुरुआती मैचों में दिल तोड़ने वाली हार को भुलाने के उद्देश्य से होंगी।

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एमआई का अगला मैच, एमआई की अपने घरेलू स्टेडियम वानखेड़े स्टेडियम में वापसी का प्रतीक होगा, लेकिन इस बार उनके पास बुमराह नहीं होंगे क्योंकि वह एनसीए से अपनी मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि वह पीठ की समस्याओं से उबर रहे हैं। मैच से पहले, जैसा कि ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया, बने बुमराह के बारे में कहा कि वह रोजाना अपने कार्यक्रम से गुजर रहे हैं। अब तक, सब कुछ ठीक लग रहा है, लेकिन एनसीए ने कोई समयसीमा नहीं दी है, इसलिए हम उस पर इंतजार करेंगे। बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन हुई। स्कैन के लिए जाने के बाद, बुमराह ड्रेसिंग रूम में लौट आए क्योंकि तीसरे दिन बुमराह की भागीदारी को लेकर उम्मीदें बनी हुई थीं। बीजीटी के बाद से, वह रिहैब के लिए एनसीए में हैं और उन्होंने कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जिससे भारत के खिताब जीतने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को मिस कर दिया गया।

पिछले सीजन के दौरान, हालांकि एमआई तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, बुमराह फ्रैंचाइज़ी के प्रमुख विकेट लेने वाले और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर थे।

उन्होंने 13 मैचों में 16.80 की औसत से 20 विकेट लिए। बुमराह आईपीएल इतिहास में 9वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और मुंबई के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 133 मैचों में 22.51 की औसत से 165 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम 2 बार 5 विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने एमआई की 5 खिताब जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

# जनकल्याण व विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत लोही के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

### सड़क के लोकार्पण एवं जल संचय, जनभागीदारी, जन आन्दोलन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जनकल्याण और विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। रीवा को पहले लोग पिछड़ा कहते थे अब इसके विकास की चर्चा प्रदेश एवं देश में हो रही है। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, हाट बाजार निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री शुक्ल ने एक करोड़ 88 हजार रूपये की लागत से जोरी वाया भड़री तालाब रोड़ का लोकार्पण किया। उन्होंने माध्यमिक विद्यालय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत लोही में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं, किसानों व युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गड्डी रोड से नहर के किनारे गुढ़ रोड को मिलाने वाले मार्ग को 7 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। जो गुढ़ रोड के लिए इससे संबद्ध ग्रामों के लिए बाईपास का काम करेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि लोही लक्ष्मणपुर मार्ग को खेमसागर मंदिर तक चौड़ा बनाया जायेगा तथा शेष मार्ग को पर्याप्त चौड़ाई के बनाने के निर्देश उन्होंने निर्माण विभाग को दिये। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही के सरपंच द्वारा की गयी मांगों को प्राथमिकता से पूरे किये जाने हेतु आश्वस्त किया। उप मुख्यमंत्री जल संचय, जनभागीदारी, जनआन्दोलन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रीवा में बोर के माध्यम से संचयित जल को जमीन के अंदर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि भूजल स्तर बना रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से आरंभ हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी बनने का ग्रामवासियों से आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। इससे पूर्व सरपंच नीलेश तिवारी ने विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे ने लोकार्पित सड़क का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रेमप्रकाश पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोही तथा आसपास के ग्रामों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिले भर में आज मनाया जाएगा विक्रम संवत नववर्ष

## पचमठा में आज विक्रम नववर्ष का होगा मुख्य आयोजन

**रीवा।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन चैत्र प्रतिपदा नववर्ष उत्सव 30 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन मुख्य आयोजन पचमठा में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि समारोह में सबसे पहले ब्राह्मध्वज वंदन किया जाएगा। इसके बाद विक्रम संवत शुरू होने के इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाएगी। समारोह में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री मिश्र का उद्बोधन होगा। नववर्ष के प्रथम दिन प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों में ब्राह्मध्वज स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर ने आमजनता से विक्रम नववर्ष समारोह में भागीदारी का अनुरोध किया है।

# जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओ को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

## जिले के सभी जनपद पंचायत परिसर में लगाये जा रहे हैं भर्ती शिविर

**रीवा।** युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 24 मार्च को जवा, 25 मार्च को सिरमौर में, 26 मार्च को रायपुर कच. में, 27 मार्च को त्योंथर में तथा 28 मार्च को गंगेव जनपद पंचायत परिसर में शिविर लगाये जा चुके हैं। इसी तरह एक अप्रैल को हनुमना में, 02 अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी० टी०, ड्रिल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए । जिले के सभी बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

# मऊगंज के दो लापरवाह अधिकारी निलंबित

## अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें : कलेक्टर

**रीवा।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास सिबी चक्रवर्ती एस ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल तथा उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये हैं। सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दु पर लंबित प्रकरण में कार्यवाही करने में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है।

इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि निलंबन अवधि में सीएमओ श्री पटेल तथा उपयंत्री श्री सिंह का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन कार्यालय रीवा रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में सुनील कुमार साहू निवासी वार्ड क्रमांक एक मऊगंज ने उनकी कालोनी में तीन माह से पानी की आपूर्ति की शिकायत की थी। वर्ष 2018 में पानी की नई पाइप लाइन बिछाने के लिए किये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान कालोनी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी। आवेदन द्वारा नगर परिषद कार्यालय में पाइप लाइन के सुधार तथा पानी की आपूर्ति के लिए कई बार आवेदन दिया गया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही की गयी। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण कालोनी की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा उपयंत्री के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गयी है।

कलेक्टर ने कहा है कि मऊगंज जिले के सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता और संवेदनशीलता से निराकरण करें।

# उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल के रीजनल कांफ्रेंस का किया शुभारंभ

## लायंस इंटरनेशनल पीड़ितों की सेवा को समर्पित संगठन है : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** लायंस इंटरनेशनल की रीजनल कांफ्रेंस का आयोजन शया जी होटल रीवा में किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कांफ्रेंस का शुभारंभ करते हुए कहा कि लायंस क्लब तथा लायंस इंटरनेशनल पीड़ितों की सेवा को समर्पित संगठन है। इसके सेवाभावी सदस्यों ने रीवा में बाढ़ और कोविड जैसे संकटकाल में अपने जान की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा की। अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन जीवन उन्हीं का सार्थक होता जो दूसरों के लिए जीते हैं। आज व्यक्तियों का नहीं उनके सेवा भाव का सम्मान किया जा रहा है। लायंस



क्लब सदैव विश्वशांति और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा है। यह सेवाभाव हमारे संस्कारों में है। उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल कांफ्रेंस की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में लायंस के रीजनल चेयरमैन अतुल जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लायंस के उद्देश्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। लायंस सुनील सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने लायंस क्लब की स्मारिका कृति का विमोचन किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने रीवा की आटो रिक्शा चलाने वाली महिला रितु सिंह को सम्मानित किया।

समारोह में मूखवाधिर विद्यार्थियों के लिए स्कूल चलाने वाली रंजना श्रीवास्तव तथा सोनाली श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। मानवता की सेवा में विशिष्ट योगदान देने के लिए उप मुख्यमंत्री ने समारोह में लायंस प्रेम सलूजा, लायंस प्रकाशचंडब, लायंस नरेन्द्र जैन, लायंस सतेन्द्र शर्मा, लायंस महेन्द्र सार्राफ, लायंस बीपी सिंह परिहार, लायंस सुमित गुप्ता, लायंस सुरेन्द्र पारिख तथा दीप्ति पारिख को सम्मानित किया तथा समारोह आरके सिंह, एम के गुप्ता, आशोक अग्रवाल, विवेक दुबे, लायंस बीपी सूरी, लायंस विभू सूरी, लायंस त्रिलोकचन्द्र बड़डिया, सज्जीजान तथा सुधीर जैन को भी सम्मानित किया गया।

# मऊगंज में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में पांच साल से अधिक आयु के दर्ज बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पोषण भी पढ़ाई भी अभियान चलाया जा रहा है। इस पोषण की पढ़ाई भी अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन परियोजना कार्यालय, महिला एवं बाल विकास मऊगंज में किया गया। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में प्रारंभिक वाल्यावस्था देखभाल और विकास के क्षेत्र की जानकारी दी गई आधार प्रशिक्षण 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर बच्चों के दो वर्ष तक पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल की निगरानी करना बताया गया। नव चेतना बच्चे के जीवन की प्रारंभिक उत्तेजना यदि बच्चे को सही दिशा दी जाए उसके घर का माहौल अच्छा रहे तो बच्चों का विकास सही दिशा में हो सकेगा सामुदायिक सहभागिता एवं देखभाल को टेक्नोलॉजी के माध्यम से जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दी गयी। आयोजित प्रशिक्षण की निगरानी के लिए संचलनालय भोपाल से उपसंचालक श्री बृजेश शिवहरे परियोजना अधिकारी रीवा शहरी जीवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में नवीन निर्देशानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता सोनी मंजू पांडे एवं सरोज साकेत द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक एक विषय की गंभीरता को समझाते हुए प्रशिक्षण दिया गया हर एक प्रशिक्षण की पृथक से गतिविधि कराई गई।

# उप मुख्यमंत्री 30 मार्च को जायेंगे जबलपुर और हरदा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 30 मार्च को सुबह 9 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे जबलपुर पहुंचेगे। उप मुख्यमंत्री जबलपुर में एसोसियेशन आफ फिजिशियन आफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6 बजे हरदा पहुंचेगे। हरदा में शाम 7 बजे विक्रम नववर्ष कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बघेल हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में कैथलैब का शुभारंभ करेंगे।

# जन अभियान परिषद द्वारा सामुदायिक सहयोग से बनाये जा रहे हैं बोरी बंधान

**रीवा।** जिले भर में 30 मार्च से 30 जून तक शासन के निर्देशानुसार, जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए तीन माह की कार्ययोजना बनाकर प्रयास किये जा रहे हैं। जल संरक्षण में जन अभियान परिषद भी सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा सामुदायिक व स्वैच्छिक सहयोग से रीवा व मउगंज ज़िलें जल की महत्ता को समझने व बहते हुए जल को संरक्षित करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है।

अभियान अंतर्गत 30 मार्च को रीवा जिले के सिरमौर और त्योंथर विकासखण्डों के ग्राम पड़रिया, बरा, पुरवा, हरदुआ, खैरहन और सतपुरा तथा सेंगरवार में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जल संवाद के बाद इसमें जल संरक्षण के लिए श्रमदान करके बोरी बंधान का निर्माण किया जायेगा। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अगले 30 मार्च से 30 जून 2025 तक रीवा व मउगंज ज़िलें के चिन्हित ग्रामो में जल संवाद ,बोरी बंधान व श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों सहित, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वैच्छिक संगठन, प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र व परामर्शदाता व जन प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे।

# झूलेलाल मंदिर खैरी में धूमधाम से मनाया गया चेटीचंड उत्सव

**रीवा।** श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट,खैरी रीवा द्वारा मंदिर प्रांगण में श्री झूलेलाल जयंती महोत्सव में देश के मशहूर राज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय भजनो की प्रस्तुति के हर्षोल्लास के साथ झूलेलाल जयंती पर केक काटकर खुशियां मनाते हुए मनाया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन युवा पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख देगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा, जो 3 महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करने की स्वर्णिम पहल है।

# रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी

**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने 30 मार्च रविवार से प्रारंभ हो रहे हिंदू नव वर्ष एवं झूलेलाल जयंती की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह नववर्ष नई चेतना और नई उमंग के साथ सभी के जीवन में खुशहाली लाने के साथ स्वस्थ हो खुशहाल जीवन प्रदान करें उन्होंने कहा कि भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़ें है 7 पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत,युधिष्ठिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशकसंवत (1947), युगाब्द(5127), मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवसएवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस सभी लोकसभा क्षेत्र के जनों की खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूं।

# वृद्धाश्रम में विधिक सेवा शिविर संपन्न

रीवा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धाश्रम रीवा में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे परिवार और समाज के आभूषण हैं उनके पास जीवन के अनुभावों की पूजी है। अपने माता-पिता और परिवार तथा समाज के हर वरिष्ठ नागरिक का सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। वृद्धाजनों की सेवा ईश्वर की सेवा है उनके आशीर्वाद से ही हमारे घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। शिविर में न्यायाधीश श्री यशपाल सिंह ने कहा कि बुजुर्ग अपने अनुभव और ज्ञान से नई पीढ़ी को भविष्य की राह दिखाते हैं। उनका मार्गदर्शन हमें सही पथ पर चलना सिखाता है।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने वृद्धजनों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही निःशुल्क कानून सहायता की जानकारी दी। शिविर में श्री मंजूर अहमद अंसारी ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान तथा श्री आनंद पाण्डेय ने विधिक समस्याओं के निदान के संबंध में जानकारी दी। शिविर में पैरालिगल वालेंटियर समीर असलम, राघवेन्द्र सिंह तथा वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजन उपस्थित रहे।

# ई-पंजीयन के लिए संपदा वन पोर्टल एक अप्रैल से होगा बंद

**रीवा।** जमीनों तथा संपत्तियों का ई-पंजीयन संपदा पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। वर्तमान में संपदा एक तथा संपदा 2 पोर्टल कार्य कर रहे हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार 31 मार्च को संपदा एक पोर्टल पूरी तरह से बंद कर दिया जायेगा। अब ई-पंजीयन की समस्त कार्यवाहियां केवल संपदा 2 पोर्टल पर ही होगीं। इस संबंध में जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि एक अप्रैल के बाद संपदा एक से जुड़े बेल्डरों को कोई नवीन लायसेंस जारी नहीं किये जायेंगे। यदि कोई दस्तावेज संपदा एक पोर्टल में तैयार कर लिये गये हैं तो उसे 31 मार्च तक संपदा 2 पोर्टल में हस्तांरित कर दें।

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

## कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जारी किये दिशा-निर्देश

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ में जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।


स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं।





## "विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष, सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री | मंगुभाई पटेल, राज्यपाल | डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव 2025

**26 फरवरी से 30 जून**

| मुख्य अतिथि | अध्यक्षता | गरिमामयी उपस्थिति |
|---|---|---|
| **मंगुभाई पटेल** | **डॉ. मोहन यादव** | **डॉ. अर्जुनराम मेघवाल** |
| राज्यपाल | मुख्यमंत्री | राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)<br>विधि एवं न्याय, भारत सरकार |

प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति

**वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन**
सायं 5:00 बजे, कोठी महल

**रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन**
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर


**30 मार्च, 2025, उज्जैन**

जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए

**जल गंगा संवर्धन अभियान शुभारंभ**

30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11218/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833